# ओलम्पियाड फाउण्डेशन

## नमूना प्रश्न पत्र कक्षा–4

OLYMPIAD FOUNDATION

HINDI OLYMPIAD

## Division of Marks

| क्र. सं० | शीर्षक/खंड | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | व्याकरण | 25 | 25 |
| 2. | शब्द भंडार | 15 | 15 |
| 3. | विशिष्ट प्रश्न | 10 | 10 |
| | कुल अंक | 50 | 50 |

निर्देश :–

1. दी गई ओ. एम. आर. शीट में गोले को भरने के लिए केवल नीले/काले बॉल प्वॉइंट पेन का उपयोग करें।
2. गोला पूरी तरह और गहरा भरा हुआ होना चाहिए।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक गोला भरें।
4. केवल प्रदान की गई जगह में ही गोले को गहरा करें।
5. उत्तर पुस्तिका पर रफ कार्य नहीं किया जाना चाहिए और उत्तर पत्रिका पर रबड़, ब्लेड तथा अन्य किसी भी प्रकार की सामग्री का उपयोग न करें।
6. प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा।

समय : 1 घण्टा अधिकतम नं0 : 50

सही उत्तर को चुनें और उत्तर पत्रिका में सही गोले को भरें।

## व्याकरण

1. निम्न में से भाववाचक संज्ञा कौन–सी है?

अ. नदी ब. मानवता स. सभा द. पीतल

2. निम्न में संयुक्त व्यंजन कौन–सा है?

अ. ठ ब. ल स. छ द. त्र

3. किस स्वर की कोई मात्रा नहीं होती?

अ. ए ब. ओ

स. अ द. इ

4. अनुस्वार प्रयुक्त शब्द कौन–सा है?

अ. अतः अ. पतंग

स. चाँद द. तितली

5. किस शब्द में द्वित्व व्यंजन का प्रयोग हुआ है?

अ. कच्चा ब. वस्तु

स. आदमी द. व्यक्ति

6. दो या दो से अधिक वर्णों के मेल से बनते हैं–

अ. वर्ण ब. वर्णमाला

स. शब्द द. वाक्य

7. जिन वर्णों का उच्चारण स्वर की सहायता से होता है, वे क्या होते है?

अ. अनुनासिक होते हैं। ब. अनुस्वार होते हैं।

स. स्वर द. व्यंजन होते हैं।

8. किस संज्ञा को देखा नहीं जा सकता है?

अ. व्यक्तिवाचक संज्ञा ब. जातिवाचक संज्ञा

स. भाववाचक संज्ञा द. ये सभी

9. 'वह दिल्ली चला गया।' वाक्य में संज्ञा है–

अ. वह | ब. दिल्ली

स. चला | द. गया।

10. निम्न में से जातिवाचक संज्ञा है–

अ. भलाई | ब. नदी

स. मोहन | द. आम

11. स्त्री व पुरूष जाति का बोध कराने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

अ. स्त्रीलिंग | ब. पुल्लिंग

स. लिंग | द. संज्ञा

12. निम्न में से स्त्रीलिंग है–

अ. मामा | ब. पुरूष

स. ऊँट | द. माता

13. सदा एकवचन रहने वाला शब्द है–

अ. प्राण | ब. समाचार

स. सच | द. दर्शन

14. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द क्या कहलाते हैं?

अ. संज्ञा | ब. सर्वनाम

स. लिंग | द. वचन

15. सर्वनाम के कितने भेद होते हैं?

अ. चार | ब. पाँच

स. छह | द. सात

16. 'सेठ' का स्त्रीलिंग क्या होगा?

अ. सेठों | ब. सेठें

स. सेठानी | द. सेठानियों

17. वचन बदलने पर किसका रूप बदलता है?

अ. संज्ञा | ब. सर्वनाम | स. कर्म | द. क्रिया

19. ‘क्ष’ वर्ण किसके योग से बना है?

अ. क + ष    ब. क् + ष    स. क् + स्    द. क + श

19. ‘उन्नीस’ को रोमन में लिखते हैं–

अ. IX    ब. XI

स. XIX    द. XII

20. वर्ष में कितने महीने होते हैं?

अ. दस    ब. बारह

स. तेरह    द. सात

21. निम्न में से अनुनासिक का चिह्न है–

अ. ं    ब. ँ

स. ः    द. ़

22. लिंग कितने प्रकार के होते हैं?

अ. एक    ब. दो

स. तीन    द चार

23. हिन्दी वर्णमाला में स्वरों की संख्या कितनी है?

अ. 10    ब. 11

स. 12    द. 13

24 नि0 लि0 में स्वर नहीं है?

अ. अ    ब. उ

स. ए    द. ञ

25. क्या, कौन आदि किस प्रकार के सर्वनाम है?

अ. निजवाचक सर्वनाम    ब. प्रश्नवाचक सर्वनाम

स. संबंधवाचक सर्वनाम    द. निश्चयवाचक सर्वनाम

<u>शब्द भण्डार</u>

26. पर्यायवाची शब्द बताते हैं–

अ. एक–सा अर्थ    ब. विपरीत अर्थ    स. भिन्न–भिन्न अर्थ    द. इनमें से कोई नहीं

HINDI OLYMPIAD

27. 'राजा' का पर्यायवाची शब्द कौन–सा है?

अ. नागपति | ब. सूपति
स. भूपति | द. गणपति

28. निम्न में से शुद्ध शब्द कौन–सा है?

अ. अचला | ब. अधीकार
स. अधीन | द. वसूधा

29. निम्न में से अशुद्ध शब्द कौन–सा है?

अ. तलवार | ब. विटप
स उतथान | द. लोचन

30. 'स्वस्थ' का सही विलोम है–

अ. अस्वस्थ | ब. रूग्ण
स. बीमार | द. निरोग

31. 'आय' का विलोम शब्द कौन–सा है?

अ. आयु | ब. व्यय
स. मितव्यय | द. आमदनी

32. इस समस्या की न आदि का पता है और न .................. का। वाक्य में उचित विलोम शब्द से पूर्ति कीजिए।

अ. अंत | ब. अनादि
स. इत्यादि | द. इनमें से कोई नहीं

33. 'जो कभी ने मरे' वाक्यांश के लिए प्रयुक्त एक शब्द बताइए–

अ. अमर | ब. अजर
स. सदैव | द. सदय

34. जानने की इच्छा रखने वाला–

अ. इच्छालु | ब. बातूनी | स. दंभी | द. जिज्ञासु

35. 'परिणाम' का पर्यायवाची है–

अ. अप्रयत्न | ब. प्रयत्नशील | स. नतीजा | द. चेष्टा

HINDI OLYMPIAD

36. 'वृक्ष' का पर्यायवाची है–

अ. चक्षु | ब. नग
स. वसन | द. विटप

37. 'परतंत्र' का विलोम है–

अ. गुलाम | ब. आजाद
स. स्वतंत्र | द. बंधन

38. जो सबको समान दृष्टि से देखता हो–

अ. दयालु | ब. एकनयन
स. दूरदर्शी | द. समदर्शी

39. 'माह में एक बार होन वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द बताइए।

अ. माहिक | ब. मासिक
स. वार्षिक | द. दैनिक

40. निम्न में से शुद्ध शब्द कौन–सा है?

अ. सावधान | ब. शाकाहारि
स. पताल | द. अकाश

## विशेष योग्यता खण्ड

41. शुद्ध शब्द का चयन करो।

अ. अनुछेद | ब. अनुच्छेद
स. अनुचछेद | द. इनमें से कोई नहीं

42. 'भगवान को मानने वाला' क्या कहलाता है?

अ. भक्त | ब. आस्तिक
स. नास्तिक | द. सनाथ

43. 'समूह' शब्द में आए वर्ण हैं–

अ. स् + अ + म् + ऊ + ह् + अ | ब. स् + आ + म् + ऊ + ह् + अ
स. स् + आ + म् + उ + ह् + आ | द. स् + अ + म् + उ + ह् + आ

44. किस स्वर की मात्रा 'र' के बीच में लगती है?

अ. ए | ब. उ
स. ओ | द. आ

5. 'ताजगी' कौन–सी संज्ञा है?

अ. समूहवाचक | ब. व्यक्तिवाचक
स. भाववाचक | द. जातिवाचक

46. सदा स्त्रीलिंग रहने वाला शब्द कौन–सा है?

अ. घास | ब. मोरनी
स. चाची | द. बकरी

47. सदा बहुवचन में प्रयोग होने वाला शब्द कौन–सा है?

अ. सच | ब. जनता
स. वर्षा | द. प्राण

48. बोलने वाला अपने लिए किस सर्वनाम का प्रयोग करता है?

अ. मैं या हम | ब. तू या तुम
स. वह या वे | द. ये या यह

49. 'सूर्य' का पर्यायवाची निम्न में से कौन–सा है?

अ. सूरज | ब. दिनकर | स. दिवाकर | द.ये सभी

50. 'अमीर' शब्द का विलोम कौन–सा है?

अ. निराश | ब. गरीब | स. रंक | द.राजा

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ब | 11 | स | 21 | ब | 31 | ब | 41 | ब |
| 2 | द | 12 | द | 22 | ब | 32 | अ | 42 | ब |
| 3 | स | 13 | स | 23 | ब | 33 | अ | 43 | अ |
| 4 | ब | 14 | ब | 24 | द | 34 | द | 44 | ब |
| 5 | अ | 15 | स | 25 | ब | 35 | स | 45 | स |
| 6 | स | 16 | स | 26 | अ | 36 | द | 46 | अ |
| 7 | द | 17 | द | 27 | स | 37 | स | 47 | द |
| 8 | स | 18 | ब | 28 | अ | 38 | द | 48 | अ |
| 9 | ब | 19 | स | 29 | स | 39 | ब | 49 | द |
| 10 | ब | 20 | ब | 30 | अ | 40 | अ | 50 | ब |

HINDI OLYMPIAD